नई दिल्ली, बुधवार
17 अक्टूबर 2018
नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 22+8=30

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

भारतीय विश्वविद्यालयों में आइआइटी टॉप पर 17
शार्दुल की जगह उमेश वनडे टीम में 18

नमो देव्यै, महा देव्यै
नारी सशक्तीकरण

भरत मिलाप देख भावविभोर हुए दर्शक

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी सोसायटी के दादा-दादी पार्क में चल रही रामलीला के सातवें दिन रामलीला कलाकारों ने राम वनवास, राम-केवट संवाद, भरत मिलाप आदि लीलाओं का मंचन किया। राम लक्ष्मण और सीता के साथ वनवास के लिए अयोध्या से निकल पड़ते है। जहां केवट भगवान राम को गंगा पार कराते हैं। राम पंचवटी पहुंच जाते हैं। जब ननिहाल से भरत अयोध्या लौटते हैं, तो वह राज सिंहासन संभालने से इन्कार कर राम को वापस लाने के लिए पंचवटी पहुंचते हैं। जहां भगवान श्रीराम व भरत का मिलाप होता है। अंत में भरत भगवान की चरण पादुका लेकर वापस लौट आते हैं। गौर सिटी के दादा-दादी पार्क में रामलीला मंचन की शुरुआत महारानी कैकेई और राजा दशरथ की आज्ञा से राम के माता सीता और लक्ष्मण के साथ तपस्वी के वेश में राजमहल छोड़ वन को गमन करने के साथ होती है। इसके अलावा मंच पर, केवट राम संवाद, सती अनुसुइया की नारी शिक्षा का भी भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सोसाइटी के बच्चों द्वारा रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति के साथ हुई। इस दौरान कैलाश शर्मा, अर्जुन गुप्ता, मुकेश दूबे, प्रशांत शुक्ला, तीर्थ चंद शर्मा, योगेंद्र शर्मा, पंकज सिंह, प्रवीण शर्मा मौजूद रहे।

ग्रेनो वेस्ट के गौर सिटी में आयोजित रामलीला मंचन करते कलाकार ● जागरण